नही सहेगा राजस्थान अभियान को लेकर भाजपाईयों की ली बैठक

करौली । करौली विधानसभा क्षेत्र भाजपा की नहीं सहेगा राजस्थान को लेकर विधानसभा करौली हुई बैठक मे आगामी विधानसभा चुनाव पर कि गई चर्चा।

भाजपा करौली विधानसभा क्षेत्र की विधानसभा प्रभारी जमुनालाल वैष्णव ने नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत करौली विधानसभा क्षेत्र के मंडलों की एक दिवसीय विशेष प्रवास कार्यक्रम के तहत करौली विधानसभा के प्रवास पर रहे। सर्वप्रथम भारत माता की चित्रपट वंदे मातरम से कार्यक्रम की शुरुआत की गई- जिसमें करौली विधानसभा संयोजक धीरेंद्र सिंह बैंसला, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंघल, करौली-विधानसभा विस्तारक सतीश शर्मा, जमुना लाल शर्मा ने बैठक मे नहीं सहेगा राजस्थान कैंपेनिंग को लेकर करौली विधानसभा की मंडल वार चर्चा की, साथ ही आगामी 1 अगस्त को जयपुर चलो अभियान मे

- **राजस्थान में महिलाएं सुरक्षित नहीं है : प्रहलाद सिंघल**

प्रत्येक शक्ति केंद्र से एक बस के लक्ष्य पर विस्तृत चर्चा हुई साथ ही विधानसभा मंडल वार राजनीतिक स्थितियों को लेकर सभी से विचार विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंघल ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला, और कहा कि राजस्थान में महिलाएं सुरक्षित नहीं है आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है खुद मुख्यमंत्रीजी के ग्रहजिले में महिलाएं सुरक्षित नहीं है एक मंत्री को सिर्फ महिला सुरक्षा पर बोलने के कारण बर्खास्त कर दिया गया। गहलोत सरकार की मानसिकता ये दर्शाती है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए कितनी संवेदनशील है । राजस्थान में पेपरलीक हो रहें हैं युवाओं का भविष्य इस निकम्मी सरकार ने अंधकारमय कर दिया भ्रष्टाचार चरम पर है. बिना कमीशन के कोई काम नहीं होता, करौली- विधानसभा में नगर परिषदों-नगर पालीकाओ में सफाई एवं लाइट की स्थिति बद से बदतर है। करौली विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील करता हूँ कि इस भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने में भारतीय जनता पार्टी की मदद करें । जिससे राजस्थान में सुशासन आ सके इस मौके पर करौली विधानसभा संयोजक धीरेंद्र बैसला,विधानसभा विस्तारक मनीष शर्मा कांग्रेस सरकार की साढे चार साल के कार्यो को लेकर नहीं सहेगा राजस्थान यह कार्यक्रम प्रत्येक मंडल स्तरों एवं बूथ स्तरों पर भी चलाया जाएगा यह कार्यक्रम राधेश्याम मैरिज गार्डन होली खिडकियों पर आयोजित किया गया।

फसल बीमा योजना की सूचना जारी

करौली। कृषि विभाग के उपनिदेशक बी.डी शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ 2023 की अधिसूचना जारी हो गई है।

जिले में योजना के क्रियान्वयन के लिए रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड कम्पनी को (18001024088) अधिकृत किया गया है। फसल बीमा करवाने अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 निर्धारित की गई है।

कम्पनी के लिए जिला प्रतिनिधि सुनील कुमार नागरवाल जिनका मोबाईल नम्बर- 8976710283 है, को अधिकृत किया गया है। जिले में खरीफ फसलों के अन्तर्गत बाजरा, तिल व धान को बीमा करवाने के लिए अधिसूचित किया गया है।

ऋणी कृषकों के लिए यह योजना पूर्णत: स्वैच्छिक है, इस योजना से पृथक रहने वाले ऋणी कृषकों को 24 जुलाई तक अपने बैंक में घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

ऐसा नही करने पर उनको योजना में सम्मिलित माना जाएगा।

उपखण्ड अधिकारी ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण

गंगापुर सिटी । सोमवार को उपखण्ड अधिकारी नरेन्द्र कुमार मीना ने प्रात: 9:3० से 1०:०० बजे के दौरान उपखण्ड स्तरीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग के कुल 18 कार्मिकों में से ०9 कार्मिक अनुपस्थित, सहायक अभियंता पीएचईडी, गंगापुर सिटी के कुल 8 कार्मिकों में से ०2 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय विकास अधिकारी, गंगापुर सिटी के कुल 18 कार्मिकों में से ०7 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय एनएचएम में कुल ०4 कार्मिकों में से ०1 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय डीओएण्डआईटी में कुल ०6 में से ०3 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय अधिशाषी अभियंता जेवीवीएनएल में कुल 12 में से ०1 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय कनिष्ठ अभियंता जेवीवीएनएल गंगापुर सिटी में कुल 21 में से ०3 कार्मिक अनुपस्थित,

- **सार्वजनिक निर्माण विभाग के कुल 18 कार्मिकों में से 09 कार्मिक अनुपस्थित**
- **कार्यालय विकास अधिकारी, गंगापुर सिटी के 18 कार्मिकों में से 7 कार्मिक अनुपस्थित मिले**

कार्यालय सहायक अभियंता पीएचईडी ग्रामीण में ०9 में से ०2 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय सीबीईओ समसा में कुल ०2 में से ०1 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय सहायक अभियंता जेवीवीएनएल-1 में कुल 22 में से ०2 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय नगर परिषद्, गंगापुर सिटी में कुल कार्मिक 39 में से ०5 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी में कुल ०5 कार्मिक में से ०3 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय बीसीएमओ में कुल कार्मिक 14 में से ०3 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय सहायक अभियंता जेवीवीएनएल एचटीएम में कुल कार्मिक ०6 में से ०2 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय आरबीएसके कुल कार्मिक ०5 में से ०2 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय नरेगा में कुल कार्मिक 2० में से कुल ०6 कार्मिक अनुपस्थित, कार्यालय इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में कुल 12 में से ०6 कार्मिक अनुपस्थित मिले।

औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। साथ ही उपखण्डस्तरीय कार्यालयाध्यक्षों को भी निर्देशित किया गया कि अपने-अपने कार्यालय में कार्यरत कार्मिकों को कार्यालय समय पर उपस्थित होने हेतु पाबंद करें ।

मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास 27 को

करौली । जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री 27 जुलाई को मेडिकल कॉलेज का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। उक्त कार्यक्रम कॉलेज परिसर में आयोजित किया जायेगा। जिला कलेक्टर ने इस संबंध मे पेयजल, नेट कनेक्टिविटी,जन प्रतिनिधीगणों की बैठने की व्यवस्था, पीने का पानी, छाया, ट्रैफिक व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाऐं निर्धारित समय सीमा मे करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है उन्होने बताया कि उक्त समस्त व्यवस्था समस्त अधिकारी समन्वयता से करते हुए पूर्ण करें।जिला कलेक्टर सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित बैठक मे अधिकारियों को निर्देशित करते हुए बोल रहे थे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अति. जिला कलेक्टर मुरलीधर प्रतिहार, सीईओ ऋषभ मंडल, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.सी मीना, सीएमएचओं डॉ दिनेश मीना, सूचना एंव जनसंपर्क अधिकारी धर्मेन्द्र मीना, पीएमओ डॉ दिनेश गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों को नोटिस जारी

करौली (नि.स.)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि वर्षा के मौसम को दखते हुए राज्य सरकार एवं बजट घोषणा के अनुसार पौधारोपण करने के जो विभाग वार लक्ष्य आवंटित किये गये है उन्हे समय पर पूरा नही करने पर जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की आयोजित बैठक में समीक्षा कर रहे। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के बकाया लक्ष्यों को इस सप्ताह मे पूर्ण करे अन्यथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होने राजस्थान संपर्क पोर्टल,मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय सहित अन्य महत्वपूर्ण परिवादों का समय पर निस्तारण कर परिवादी को राहत पहुचानें के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके अलावा उन्होने बिजली संबंधी समस्या आये दिन उत्पन्न हो रही है। इस पर विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्युत सप्लाई में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो ।

सूरौठ भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओं ने पैदल यात्रा निकाली

सूरौठ। राज्य की कांठोस सरकार के खिलाफ नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत सूरौठ भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओं ने कस्बे में पैदल यात्रा निकाली भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा जिला कार्यसमिति सदस्य नत्थू सिंह राजावत

मंडल महामंत्री देवानन्द गुप्ता मंडल अध्यक्ष चरण सिंह सोलंकी ने बताया कि पद मार्च हिण्डौन बयाना स्टेट हाइवे नहर के पास से प्रारंभ होकर बस स्टैंड होते हुए एसबीआई बैंक गली,मैन बाजार , मस्जिद तिराहा,सब्जी मण्डी, सावित्री बाई फुले मार्ग होकर निकाला गया इसके बाद बैठक हुई । इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गहलोत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की पूर्व मण्डल अध्यक्ष कल्याण सिंह ने कहा कि राजस्थान में बहन बेटियों का शोषण हो रहा है वहीं मण्डल अध्यक्ष चरणसिंह सोलंकी ने कहा कि अब महिलाओं और दलितों का अपमान सहन नहीं किया जाएगा इस दौरान जिला मंत्री सतपाल चौधरी एवं महामंत्री देवानन्द गुप्ता व जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड,पेपर लीक से युवाओं की उम्मीदों पर पानी फिरने एवं किसानों से कर्जमाफी के नाम पर कांठोस सरकार द्वारा वादाखिलाफ़ी करने , कांठोस सरकार द्वारा तुष्टीकरण की राजनीति करने की बात कही । इस कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यसमिति सदस्य नत्थू सिंह राजावत ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा ,किसान मोर्चा के जिला महामंत्री वीर सिंह जाटव ,एससी मोर्चा के जिला महामंत्री रतनलाल कोली , मंडल महामंत्री गुलशन जाटव ,केशव देव शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष चंद्रभान जाट,युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष देवी सिंह सैनी ,ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बहादुर पटेल, सूरौठ शक्ति केन्द्र संयोजक मुकेश शर्मा,भुकरावली शक्ति केंद्र संयोजक रमेश कोली ,युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राकेश डागुर, एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेश जाटव,बूथ अध्यक्ष रामसिंह जाटव, किशोरी गोड़ आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह हिण्डौन विधानसभा के गांव तिघरिया में चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सतवीर सिंह तिघरिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप प्रदेश उपाध्यक्ष और टोंक सवाईमाधोपुर के सांसद सुखवीर सिंह जौनापुरिया , एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी गोविंद चौधरी , विधानसभा संयोजक ललित शर्मा , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव रहे। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड ,पेपर लीक से युवा परेशान, तुष्टिकरण की नीति , कांठोस का गुंडाराज , महिलाओं एवं दलितों का अपमान अब नहीं सहेगा राजस्थान। साथ ही सुखबीर जौनापुरिया ने कांठोस सरकार का फैल रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा और 1 अगस्त को जयपुर में कांठोस सरकार के खिलाफ होने वाले आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचने का निमंत्रण दिया।

कलश यात्रा धूमधाम से निकली

हिंडौन सिटी। श्रीमद् भागवत कथा की कलश यात्रा फुल वाड़ा गांव में हो करके बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई फुलवाड़ा गांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सोमवार से शुरू हुआ जिसकी शोभायात्रा निकाली गई।

श्रीमद् भागवत कथा आयोजक पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि तिलवाड़ा गांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सावन मास में दिया जा रहा है जिसके श्रीमद् भागवत वाचक आचार्य सतीश चंद्र शास्त्री छतरीपुरा वालों की ओर से किया जा रहा है आचार्य सतीश चंद्र शास्त्री की 1 साल दूसरी श्रीमद् भागवत कथा वाचन की जा रही है आज से फुल वाड़ा गांव में अभी आयोजन किया जा रहा है।

प्रशांत शर्मा ने बताया कि फुल वाड़ा गांव में सभी गांव के पंच पटेल वे महिलाओं ने श्रीमद् भागवत कथा की कलश यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। 108 कलश यात्रा में महिलाओं ने भाग लिया। तहसील युवा अध्यक्ष शुभम तिवारी ने बताया कि फुल वाड़ा गांव में पुष्पेंद्र शर्मा द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गांव के सभी पंच पटेल पूरा सहयोग दे रहे हैं।

हिण्डौन सिटी में मणिपुर की घटना का विरोध

हिंडौन सिटी। मणिपुर में कुकी आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने एवं सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना के विरोध में सोमवार को सूरौठ के लोगों ने सूरौठ तहसील कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया इसके पश्चात लोगों ने ऑफिस कानूनगो लक्ष्मी नारायण शर्मा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मणिपुर में महिलाओं पर अत्याचार करने वाले अपराधियों को कठोर सजा दिलवाने की मांग की। राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा के सूरौठ ब्लॉक अध्यक्ष विश्राम मीणा, प्रदेश सचिव बत्तू मेंबर, पटेल कंचन लाल मीणा, प्रेम पटेल,लट्टे मीणा, हिंडोन देहात ब्लॉक कांठोस कमेटी के प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, संपत कटकड़िया, जीएसएस अध्यक्ष प्रेम राज मीणा, बिल्ला पटेल, प्रहलाद मीणा, मोहर सिंह मीणा खिरखिरा, यूथ कांठोस के लोकसभा महासचिव राहुल मीणा, रिंकू मीणा, जय सिंह मीणा, भूपेंद्र कुमार सहित काफी लोग सोमवार को सुबह बूढ़ंदे बाबा मंदिर परिसर में एकत्रित हुए तथा मणिपुर में कुकी आदिवासी महिलाओं को

- **ऑफिस कानूनगो को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मणिपुर में महिलाओं पर अत्याचार करने वाले अपराधियों को कठोर सजा दिलवाने की मांग की**

निर्वस्त्र कर घुमाने एवं सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर आक्रोश जाहिर किया। लोगों ने मणिपुर में महिलाओं के साथ की गई दरिंदगी के वीडियो पर गुस्सा जताया। मंदिर परिसर में बैठक आयोजित करने के बाद सभी लोग तहसील पहुंचे तथा तहसील कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। तहसील में तहसीलदार के नहीं मिलने पर लोगों ने ऑफिस कानूनगो लक्ष्मी नारायण शर्मा को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मणिपुर में महिलाओं के साथ दरिंदगी करने वाले अपराधियों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए।

'स्वाधीनता दिवस को गरिमामय तरीके से मनाएं'

भरतपुर। स्वाधीनता दिवस 2023 के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह को धूमधाम से मनाये जाने के लिए की जाने वाली तैयारियों के संबंध में बैठक जिला कलक्टर लोक बंधु की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि स्वाधीनता दिवस को जिला स्तरीय मुख्य समारोह में स्थानीय पुलिस परेड ठाउण्ड में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय पर्व स्वाधीनता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के सम्बंध में दी गयी जिम्मेदारियों को समय पर पूर्ण करें साथ ही जिम्मेदारियों का निर्वहन अपने स्तर पर करें। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर यूआईटी ऑडीटोरियम में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालयी छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले कार्यक्रम देश भक्तिपूर्ण एवं गरिमामयी हों, इसका सांस्कृतिक कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति विशेष ध्यान रखें।

भाजपाइयों ने शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली रैली

हिंडौन सिटी । भाजपा शहर मंडल के तत्वाधान में नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिंडौन के विवेकानंद पार्क से राज्य सरकार के विरुद्ध सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शहर के प्रमुख बाजारों में रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद पार्क मोहन नगर से रैली को शुरू कर शीतला चौराहा, कटरा बाजार, डेंप रोड, नगर परिषद के आगे होकर, चौपड़ सर्किल तक रैली निकाली, रैली में राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर , पोस्टर बैनर लगाकर विरोध जताया। बेटियों का शोषण, महिलाओं का अपमान, दलितों का अपमान, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड ,पेपर लीक से युवा परेशान, तुष्टीकरण की नीति, बिगडती कानून व्यस्था, किसान विरोधी इस कांठोस का गुंडाराज , भ्रष्टाचार चरम पर है,

प्रदेश की जनता एवम भाजपा मिलकर इस गहलोत सरकार को अबकी बार राजस्थान से उखाड़ फेंकेगी। प्रदेश की भोली जनता का अपमान, नहीं सहेगा राजस्थान।

इस रैली में हिंडौन शहर मंडल अध्यक्ष अनिल गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष हेमेंद्र वशिष्ठ, शिवकुमार सैनी, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, जिला उपाध्यक्ष ललित शर्मा, महामंत्री विक्रम पाल सिंह एडवोकेट, राधा मोहन पाठक, कार्यक्रम मंडल संयोजक बबली चतुर्वेदी, विधानसभा विस्तारक चिराग शर्मा, सुरोठ मण्डल अध्यक्ष चरण सिंह सोलंकी, जिला मंत्री सतपाल चौधरी, पूर्व वरिष्ठ कार्यकर्ता रामेश्वर धाकड़, प्रह्लाद शर्मा, सुबोध जैन, ओम प्रकाश गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अल्लानूर, महिला मोर्चा जिला संयोजक लज्जा रानी अठावाल, पूर्व सभापति गायत्री कोली, नाहर सिंह जाट, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिर्राज मित्तल,, मोहन सिनेमा बबलू जाट, मंत्री लाडम सिंह, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव, मंत्री ज्योति सहारिया, गजेंद्र सिंह सोलंकी, डॉ रेवती लाल कोली, पिंटू सोलंकी, कल्याण सिंह डागुर, जितेंद्र सोलंकी, वीरेंद्र तेवतिया,गणेश कोली, यामीन खान, गोविंद धाकड़ ,डॉ आमिर खान, अतीक खान, अमित पंजाबी, मंजू खैरवाल, वीर सिंह बनकी, प्रेम सिंह जाटव, घनश्याम रेंजर, दीप चन्द कोली,लख्खी राम जाटव, आदि कार्यकर्ताओ ने विरोध प्रदर्शन किया।

देशराज मीणा का किया स्वागत : हिण्डौन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त महासचिव देशराज मीणा का आज स्थानीय विधायक भरोसी लाल जाटव के आवास पर पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार जाटव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव राजेश लहकोडिया ने बताया कि आज 24 जुलाई सोमवार को शाम 4 बजे राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के नवनियुक्त महासचिव सुरोठ निवासी देशराज मीणा का स्थानीय विधायक भरोसी लाल जाटव के आवास पर पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार के नेतृत्व में माला और साफा पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया ।

जांच को लेकर दिया ज्ञापन

बामनवास। स्थानीय विधायक इंदिरा मीणा के गनमैन प्रमोद द्वारा बजरी खनन क्षेत्र नदी के पास खरीदी गई बेशकीमती जमीन को लेकर क्षेत्र में सियासी मुद्दा काफी गर्म हो रहा है। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर लोगों द्वारा सोमवार को उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर रिश्वतखोरी कालाबाजारी दलाली बजरी खनन सम्पत्ति खरीद चारा घोटाला कि जांच को लेकर विपक्षी दल ने राज्य पाल से सत्ता धारी पार्टी के संरक्षण में चल रहे इन गोरख धंधों कि उच्च स्तरीय जांच कि मांग उठाई गई है । विपक्षी दल के भाजपा युवा नेता मनीष बामनवास ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्तमान सरकार में कांग्रेस कि विधायक के गनमैन प्रमोद कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी चहल तहसील बयाना जिला भरतपुर के नाम से ग्राम पंचायत निमोद राठोद ग्राम में खसरा 1024. 1033. 1370.1028.1051. कुल रकवा 3.80 हेक्टेयर है जिसकी कीमत लगभग दो से चार करोड़ रूपए के बीच में है इसकी विभागीय जांच कराते हुए वैनामी सम्पत्ति के तहत उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

'विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया जानकारी दे'

भरतपुर । जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दाताराम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रतन कुमार स्वामी की संयुक्त अध्यक्षता में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला आइकन, जिले के समस्त विशेष शिक्षक, वी.ए.एफ प्रभारी, लीड ई.एल.सी प्रभारी की सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दाताराम ने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में जिन मतदान केन्द्रों एवं क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा वहाँ मतदान प्रतिशत बढाने के विशेष प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि स्वीप से जुडे समस्त विभाग एवं ई.आर.ओ तथा बूथ स्तर पर गठित बूथ एवेरनेंस ग्रुप, एनजीओ/सीएसओ, राजीविका, आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिकाओं के माध्यम से निरन्तर स्वीप गतिविधियां आयोजित करवाई जावें तथा मतदाता जागरूकता अभियान के विशेष कार्यक्रम आयोजित कर 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु के युवाओं को मतदाता सूची में पंजीयन कराये।

वन विहार को लेकर की चर्चा

गंगापुर सिटी। रविवार को सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की एक बैठक वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सावित्री शर्मा की अध्यक्षता में दोपहर 3 गणेश मेल स्थित उनके निज निवास पर संपन्न हुई। महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री सपना शर्मा ने बताया कि 6 अगस्त रविवार को होने वाले ब्राह्मण समाज श्रावण महोत्सव एवं वन विहार समारोह पर बैठक में चर्चा की महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी महिलाओं के सुझाव लिए गए। श्रावण महोत्सव करौली रोड स्थित गोपाल वाटिका मैरिज हॉल पर 6 अगस्त रविवार को दोपहर 1 बजे से बडे धूमधाम से आयोजित किया जावेगा। ब्राह्मण समाज की सभी महिलाओं एवं बालिकाओं एवं बच्चे महोत्सव को सफल बनाने के लिए बैठक में डॉ शैल शास्त्री को संयोजक एवं उनके सहयोग के लिए सैनिक नगर से कोमल पाराशर अंजली दुबे, सालोदा से ममता अमरगढिया, नहर रोड से आरती शर्मा, रेनू ब्यास, मूर्ति मोहल्ला से राधा दिक्षित, अनीता व्यास नरसिंह कॉलोनी एवं वेद कॉलोनी से मीना शर्मा, कल्याण जी मंदिर एवं चूली गेट से सुशीला शर्मा अर्चना शर्मा और नसिया कॉलोनी से अनीता व्यास संध्या शर्मा कुल सह संयोजक बनाया गया है। सांस्कृतिक प्रभारी कल्पना शुक्ला, पारो जैमिनी और पार्वती शर्मा, बबली को बनाया गया है। ब्राह्मण समाज की महिलाएं एवं बालिकाएं महोत्सव में नृत्य एवं डांस की प्रस्तुति देना चाहे वह इन मोबाइल नंबर 9529315157, 89491००529, 876921०768 पर संपर्क कर सकती हैं। बैठक में सविता रानी लाटा सावित्री शर्मा कल्पना शुक्ला सपना शर्मा दादा दीक्षित सुशीला शर्मा अंजली शर्मा पारो जैमिनी पार्वती शर्मा बबली अनीता व्यास कोमल पाराशर मिथिलेश शर्मा आरती शर्मा रमा उपाध्याय ममता अमर गढिया संगीता शर्मा अंजली दुबे निशा शर्मा प्रियंका पाठक और कांता शर्मा मौजूद थी।

सौंपी आर्थिक सहायता राशि : कुछ दिन पहले मोहचा ग्राम के निवासी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता स्व कमलेश जांगिड की मौत हो गई थी। आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ की ओर से पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने मोहचा गांव पहुंचकर स्व कमलेश जांगिड की पत्नी संतोष जांगिड को 31००० रूपये की आर्थिक सहायता राशि सौंपी एवं हर संभव मदद करने का वादा किया। पुर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने बताया कि कमलेश जांगिड भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ता थे। उनके चले जानें से क्षति हुई है। आज सभी कार्यकर्ताओ की ओर से 31००० रुपये की आर्थिक सहायता राशि सौंपी है। इस अवसर पर पुर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के साथ प्रधान प्रतिनिधि रघुनाथ फौजी, धर्मसिंह प्रजापत, रामभरोषी वैष्णव, बनवारी चौहान एवं समस्त कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

जमानत खारिज : फर्जी रूप से पटटा बनवाने के मामले में अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश गंगापुर सिटी ने पुरानी अनाज मण्डी निवासी चांदमल जैन व सुभाष कॉलोनी कोलीपाडा निवासी चौथी लाल की जमानत का आवेदन खारिज कर दिया। अपर लोक अभियोजक मोहसिन खान ने बताया कि परिवादी राजेश कुमार ने कोतवाली थाने में एक मामला दर्ज कराया कि विवादित जायदाद 1979 को अपने पिता व दादी द्वारा गणेश नारायण व पुरूषोत्तम के जरिये रजिस्टर्ड क्रय की थी। आरोपित चांदमल जैन पुत्र जगदीश को वर्ष 1993 में किराए पर दी थी। आरोपी चांदमल तभी से लगातार उक्त दुकान में दुकान करता आ रहा है।

BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified Under Section 3 of the UGC Act)
University for women: University with a difference

Engineering Skills Training Centre in Partnership with Bajaj Auto Ltd.

Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', second highest ranked women's university in the world *having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.*

PROGRAMMES
- Diploma Trainee Engineer
- Graduate Trainee Engineer

BENEFITS
- Placement in reputed companies after completion of programme
- Upto 80% scholarship
- For Women candidates only with hostel accommodation

Special Features
Automation
Robotics
AI
PLC
SCADA
CNC
MATLAB
LabVIEW
Industry 4.0
Manufacturing

ROBOTICS · ARTIFICIAL INTELLIGENCE · AUTOMATION

APPLY NOW

FOR MORE INFO
+91 8306002465
best@banasthali.in

NAAC 'A++' 3.63 | THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2023 | QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA | nirf All India Rank | INDIA TODAY 2nd Rank

Banasthali Vidyapith, Rajasthan- 304022 www.banasthali.org www.facebook.com/banasthali.org